नवम्बर, 1973 में त्रिवेन्द्रम यात्री गाड़ी का दुर्घटनाग्रस्त होना

*541. **श्री चन्दूलाल चन्द्राकर :**
श्री शिव कुमार शास्त्री :

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 24 नवम्बर, 1973 को त्रिवेन्द्रम यात्री गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बारे में पूरा ब्यौरा क्या है जिसमें 44 यात्री गम्भीर रूप से घायल हुए थे ;

(ख) क्या सरकार ने उन यात्रियों को कोई मुआवजा दिया है ;

(ग) क्या दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी): (क) 24-11-1973 को नं. 745 क्विलन-तिरुवनन्तपुरम सैन्ट्रल डाउन सवारी गाड़ी तिरुवनन्तपुरम स्टेशन के धक्का-रोध से टकरा गयी जिसके परिणामस्वरूप गाड़ी के गार्ड को गम्भीर चोट आयी और 10 यात्रियों को मामूली चोटें आयीं । इनके अलावा, 52 यात्रियों को मामूली खरोंचें आदि जैसी हल्की चोटें लगीं ।

(ख) क्षतिपूर्ति के लिए कोई दावा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है । फिर भी, घायल व्यक्तियों को अनुग्रह रूप में 1,550 रुपये का भुगतान किया गया है ।

(ग) और (घ). रेल अधिकारियों की एक समिति द्वारा इस दुर्घटना की जांच की गयी है । दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध आगे कार्रवाई की जायेगी ।

कानपुर और बान्दा (मध्य रेलवे) के बीच चलने वाली यात्री गाड़ी को बन्द करना

*542. **श्री राम रतन शर्मा :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कानपुर और बान्दा (मध्य रेलवे) के बीच चलने वाली दो यात्री गाड़ियों में से एक गाड़ी बन्द कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) उसे कब से पुनः चालू किया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी : (क) से (ग). कोयले की कठिनाई के कारण 5-11-73 से 527 डाउन/528 अप बान्दा-कानपुर सवारी गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है । स्थिति सुधरते ही इन्हें फिर से चलाना शुरू कर दिया जायेगा । लेकिन बान्दा-कानपुर खण्ड पर एक जोड़ी एक्सप्रेस और एक जोड़ी सवारी गाड़ियां अभी भी चल रही हैं ।

दिल्ली/नई दिल्ली को कोयले ले जाने के लिये मालडिब्बों की कमी

*543. **श्री अम्बेश :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मालडिब्बों की कमी के कारण कोयला दिल्ली/नई दिल्ली नहीं पहुंच रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा दिल्ली/नई दिल्ली में अधिक कोयला पहुंचाने के लिए क्या कार्यवाही की गयी है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरैशी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।